प्रादेशिक समाचार
दिनांक–04.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गढ़वा से की चुनावी अभियान की शुरुआत, कहा–.झारखंड में रोटी, बेटी और माटी की पुकार, डबल इंजन की सरकार से तेज होगा विकास ।
- श्री मोदी दोपहर बाद चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में दूसरी जनसभा को करेंगे संबोधित।
- इंडी गठबंधन का भी चुनाव प्रचार तेज, गढ़वा में आज झामुमो स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन की जनसभा, मल्लिकार्जुन खरगे की कल मांडू और कांके क्षेत्र में रैली।
- राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक अरब 43 करोड़ 26 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी।

****************

भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड में गढ़वा से चुनावी अभियान की शुरुआत की। चेतना मैदान में आयोजित विजय संकल्प सभा को संबोधित करते श्री मोदी ने एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए कहा है कि एक बार फिर भाजपा–एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में हर तरफ रोटी–बेटी–माटी की पुकार की एक ही गूंज है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड में बेहतर सुविधाओं के लिए, किसानों और उद्योगों को बल देने के लिए केन्द्र सरकार हर कोशिश कर रही है लेकिन जेएमएम सरकार ने विकास के हर काम में रोड़े अटकाने की कोशिश की है । उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार से प्रदेश में विकास भी डबल गति से होगा।

श्री मोदी ने कहा कि एक तरफ भाजपा का गारंटी पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड है वहीं दूसरी तरफ झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी के झूठे वादे हैं ।

सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी संबोधित किया। उन्होंने विधि– व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर हेमंत सरकार पर हमला बोला।

****************

श्री मोदी दोपहर बाद चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में दूसरी जनसभा को संबोधित करेंगे ।

****************

विधानसभा चुनाव को लेकर इंडी गठबंधन ने भी प्रचार तेज कर दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्टार प्रचारक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज चाईबासा, पलामू, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में चुनावी सभाएं करेंगे। गढ़वा जिले में इंडिया गठबंधन की ओर से जिले के भंडरिया में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की और चिनिया और मेराल में कल्पना सोरेन की जनसभा होगी। इधर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कल एक दिवसीय दौरे पर रांची आएंगे। श्री खरगे कल मांडू विधानसभा क्षेत्र के किसान मजदूर उच्च विद्यालय दाढ़ी मैदान और कांके विधानसभा के बुकरू फुटबॉल मैदान नगड़ी में जनसभा में भाग लेंगे।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि झारखंड में यूसीसी की आवश्यकता है और अभी ये उत्तराखंड में लागू भी हुआ है। हजारीबाग में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि आज देश को इसकी आवश्यकता है।

****************

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के संकल्प पत्र पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने गढ़वा जिले के रंका में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में यूसीसी और एनआरसी लागू नहीं होगा, बल्कि यहां सिर्फ सीएनटी और एसपीटी लागू होगा।

****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक अरब 43 करोड़ 26 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी। रांची में संवाददाताओं से बातचीत में जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर कुल 1211 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

****************

लोहरदगा जिला में निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें तकनीकी जानकारियों से अवगत कराया जा रहा है।

****************